एमडीएसयू में आज सजेगी गरबा महोत्सव की धूम

■ विद्या विहार उद्यान में शाम 6 बजे से होगा आयोजन, छात्र-छात्राओं में उत्साह

अजमेर। महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर में आज गुरुवार को गरबा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। विश्वविद्यालय में गरबा कार्यक्रम आयोजित करवाने की मांग को लेकर पिछले दिनों एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने जिला मीडिया प्रभारी विकास सेन एवं जिला सचिव सुनील धायल के नेतृत्व में छात्र कल्याण अधिष्ठाता को ज्ञापन सौंपा था। इसके बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने गरबा महोत्सव आयोजित करने की घोषणा की।

एनएसयूआई के जिला मीडिया प्रभारी विकास सेन ने बताया कि जिला उपाध्यक्ष हेमंत पाल रावल सहित संगठन के कार्यकर्ता लगातार विश्वविद्यालय में गरबा कार्यक्रम आयोजित करवाने की मांग कर रहे थे। बुधवार को छात्र कल्याण अधिष्ठाता सुभाष चंद्र ने कार्यक्रम की घोषणा की। इसके बाद एनएसयूआई कार्यकर्ताओं सहित छात्र-छात्राओं में खुशी का माहौल है।गरबा महोत्सव विश्वविद्यालय परिसर स्थित विद्या विहार उद्यान में गुरुवार शाम 6 बजे से आयोजित होगा। आयोजन को लेकर विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

सेवा सेतु अभियान में लाभान्वितों के चेहरे खिले

■ मौके पर मिला पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र, जारी किया आवासीय पट्टा
■ बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र, अनापत्ति प्रमाण पत्र विवाह प्रमाण पत्र जारी किया गया

ब्यावर (निसं) राज्य सरकार की जनकल्याणकारी पहल सेवा सेतु अभियान-2026 के तहत आमजन को विभिन्न सरकारी सेवाओं का लाभ त्वरित एवं सुगमता से उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी क्रम में नगर परिषद ब्यावर में आयोजित शिविर में चम्पा नगर, ब्यावर निवासी किशन गोपाल खंडेलवाल पुत्र श्री रघुनाथ के पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र मौके पर जारी किया गया।मृत्यु प्रमाण पत्र मिलने पर खंडेलवाल ने प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

सेवा सेतु अभियान के माध्यम से आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान कर उन्हें राहत प्रदान की जा रही है। शिविर में मोहन नगर, नृसिंहपुरा निवासी श्री राजेश कुमार उपाध्याय पुत्र श्री कृष्णलाल शर्मा को



सभी लाभान्वितों द्वारा प्रशासन का आभार व्यक्त किया गया।

आवासीय लीज होल्ड पट्टा विलेख मौके पर जारी किया गया।गीता भवन रोड, ब्यावर निवासी मुकेश कांकरिया पुत्र पदम चंद जैन को मौके पर अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी कर राहत प्रदान की गई।सबराला नानणा, तहसील रायपुर निवासी श्री सुरेन्द्र पुत्र श्री भोलोजी के बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र मौके पर जारी किया गया।सबराला नानणा, तहसील रायपुर निवासी सुरेन्द्र पुत्र भोलोजी के बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र मौके पर जारी किया गया। बलाईखेड़ा, तहसील ब्यावर निवासी पवन कुमार पुत्र पारसमल को मौके पर विवाह प्रमाण पत्र जारी किया गया।

मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का भौतिक सत्यापन

■ एसडीएम एवं रिटर्निंग अधिकारी जयपाल सिंह राठौड़ ने दिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश

ब्यावर (निसं) पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के सफल, सुचारू एवं सुव्यवस्थित संचालन के लिए जिला प्रशासन द्वारा मतदान केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण एवं भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। इसी क्रम में उपखंड अधिकारी एवं रिटर्निंग अधिकारी जयपाल सिंह राठौड ने पंचायत समिति नरबदखेड़ा की ठााम पंचायत राजियावास, लगेतखेड़ा एवं जैताखेड़ा में स्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मतदान केंद्रों पर उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं एवं निर्वाचन प्रक्रिया के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं का भौतिक सत्यापन किया गया। उन्होंने मतदान केंद्रों पर पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, शौचालय, रैम्प सहित मतदाताओं की सुविधा से संबंधित व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा आवश्यक सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।एसडीएम राठौड ने संबंधित अधिकारियों एवं कार्मिकों को निर्देशित किया कि निर्वाचन कार्य से जुड़ी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से पूर्ण की जाएं। मतदान केंद्रों पर स्वच्छता, सुगम आवागमन एवं मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि मतदान दिवस पर मतदाताओं एवं निर्वाचन कार्मिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े।

17 छात्रों का अंतर्राष्ट्रीय कला प्रतियोगिता के लिए चयन

अजमेर, । रंगोत्सव सेलिब्रेशन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय कला प्रतियोगिता में ड्रीम इंडिया स्कूल के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया है। स्कूल के 17 छात्रों का चयन अंतर्राष्ट्रीयस्तर की कला प्रतियोगिता के लिए हुआ है। प्रतियोगिता में छात्रों ने कलरिंग, स्केचिंग, कार्टून मेकिंग, फिंगर एंड थंब पेंटिंग और हैंडराइटिंग जैसी विभिन्न श्रेणियों में भाग लिया था। राष्ट्रीय स्तर पर स्कूल के छात्रों ने 5 गोल्ड मेडल, 2 सिल्वर मेडल, 2 ब्रॉन्ज मेडल और स्पेशल प्राइज अपने नाम किए। स्वर्ण पदक विजेताओं में कक्षा 5 की धारा डांगारा, कक्षा 7 के उरव शर्मा, कक्षा 5 की ज्वीना, कक्षा 6 की रचना और हर्षिका मिश्रा शामिल हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्य अमिता शर्मा ने बताया कि यह उपलब्धि छात्रों की रचनात्मकता और कला शिक्षिका नितिका अठावाल के मार्गदर्शन का परिणाम है।

राजकीय आईटीआई कॉलेज गणेशपुरा में कार्यशाला आयोजित

ब्यावर (निसं) अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर आयोजित 'नारी चौपाल-सशक्त बालिका, सुरक्षित समाज सप्ताह' के अंतर्गत महिला अधिकारिता विभाग की ओर से राजकीय आईटीआई कॉलेज, गणेशपुरा, ब्यावर में नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

महिला अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक जगदीश चौधरी ने योजना की जानकारी देते हुए बताया कि इसके माध्यम से महिलाएं एवं बालिकाएं ऋण प्राप्त कर स्वयं का रोजगार स्थापित कर सकती हैं। योजना के तहत पात्रतानुसार ऋण पर 25 से 30 प्रतिशत तक अनुदान का प्रावधान है।उन्होंने बताया कि योजना का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को आर्थिक रूप से सशक्त एवं समृद्ध बनाना है।

मसूदा के काला जी महाराज के धाम में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

■ राजस्थान सहित कई राज्यों से पहुंचते हैं श्रद्धालु, पहली संतान का मुंडन संस्कार कराने की है परंपरा

मसूदा। अजमेर जिले के मसूदा स्थित काला जी महाराज (काल भैरव) का धार्मिक स्थल श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां राजस्थान के अलावा मध्य प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों से भक्त दर्शन करने पहुंचते हैं। काल भैरव को भगवान शिव का अंश और छठा रुद्र माना जाता है। काशी में उन्हें नगर का कोतवाल भी कहा जाता है।

स्थानीय मान्यताओं के अनुसार, जिन परिवारों के इष्ट देव काला जी महाराज हैं, वे अपनी पहली संतान का मुंडन संस्कार इसी धाम में करवाते हैं। इस अवसर पर सवामणी का आयोजन भी किया जाता है। धाम से जुड़ी मान्यता है कि यहां स्थित बगीचे की लकड़ी या कांटा तक कोई व्यक्ति अपने साथ नहीं ले जा सकता। ऐसी ही एक लोककथा के अनुसार, यहां से ले जाया गया पत्थर एक व्यक्ति को वर्षों तक परेशान करता रहा और अंततः उसे वापस इसी स्थान पर लाकर रखना पड़ा।

काल भैरव से जुड़ी है हनुमान बाहुक की रचना की मान्यता : धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, गोस्वामी तुलसीदास की हनुमान बाहुक की रचना भी काल भैरव से जुड़ी एक कथा से संबंधित है। बताया जाता है कि काशी में रहकर तुलसीदास ने रामचरितमानस, विनय पत्रिका सहित अनेक ठांथों की रचना की, लेकिन काल भैरव के नाम से कोई रचना नहीं की। इसी प्रसंग में काल भैरव के प्रकट होने और तुलसीदास की भुजाओं में पीड़ा होने की कथा प्रचलित है।

मान्यता के अनुसार, पीड़ा से व्याकुल तुलसीदास ने हनुमानजी का स्मरण किया और उनकी स्तुति में रचना की, जिसे हनुमान बाहुक के नाम से जाना गया। कथा में हनुमानजी की कृपा से उनकी पीड़ा दूर होने का उल्लेख मिलता है। काला जी महाराज के भक्तों में ऐसी मान्यताओं के प्रति गहरी आस्था है। बुधवार को यहां विशाल मेले का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने भाग लेकर दर्शन किए।

जेएलएन के वार्डों में आवारा श्वानों का आंतक

अजमेर। अजमेर के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय (जेएलएन) के कैंसर वार्ड में आवारा कुत्तों की मौजूदगी से मरीजों और उनके परिजनों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इलाज के लिए अस्पताल आने वाले मरीजों के साथ रहने वाले परिजनों में कुत्तों के आतंक को लेकर भय का माहौल है। परिजनों का आरोप है कि कैंसर वार्ड के आसपास घूमने वाले आवारा कुत्ते आए दिन लोगों के पीछे दौड़ते हैं। इतना ही नहीं, कई लोगों को कुत्तों के काटने की घटनाएं भी सामने आने की बात कही जा रही है। ऐसे में मरीजों की देखभाल के लिए अस्पताल आने वाले परिजनों को हर समय सतर्क रहना पड़ता है।

कैंसर वार्ड में गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के उपचार के साथ ही उनके परिजनों की सुरक्षा भी महत्वपूर्ण है। ऐसे में अस्पताल परिसर में आवारा कुत्तों की समस्या से लोगों को राहत दिलाने के लिए प्रभावी कदम उठाने की जरूरत है। परिजनों ने संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि आवारा कुत्तों को नियंत्रित करने के लिए उचित व्यवस्था की जाए, ताकि मरीजों और उनके साथ आने वाले लोगों को भय के माहौल से राहत मिल सके।

टूटे गेट और खुले तारों से हादसे का खतरा

अजमेर। शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के दावों के बीच कोटड़ा क्षेत्र के प्रगति नगर स्थित केशव उद्यान की बदहाल स्थिति जिम्मेदार विभागों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रही है। नगर सुधार न्यास की ओर से विकसित इस उद्यान की हालत लंबे समय से खराब बताई जा रही है। पार्क के मुख्य द्वार पर आज भी नगर सुधार न्यास का बोर्ड लगा हुआ है, जबकि न्यास का विलय हुए कई साल बीत चुके हैं। इसके बावजूद बोर्ड नहीं बदला गया है और पार्क की देखरेख भी नहीं हो पा रही है।

उद्यान में जगह-जगह कचरा फैला हुआ है। कांटेदार झाड़ियां उग आई हैं और दीवारें क्षितठास्त हैं। घास सूखकर खराब हो रही है तथा उसे पानी देने की उचित व्यवस्था भी नजर नहीं आती। ऐसे में पार्क में घूमने आने वाले लोगों और आसपास रहने वाले परिवारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों के अनुसार, कुछ समय पहले विद्युत निगम की गाड़ी से पार्क का गेट टूट गया था। इसके बाद से गेट की मरम्मत नहीं कराई गई, जिससे यहां हादसा होने का खतरा बना हुआ है। पार्क में खुले बिजली के तार भी लोगों की चिंता बढ़ा रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बच्चों और बुजुर्गों के पार्क में आने-जाने के कारण किसी भी समय दुर्घटना हो सकती है।

'रंग ताली दो गरबा महारास' 19 को

अजमेर, । अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की अजमेर युवा इकाई की ओर से मां भगवती की आराधना और सांस्कृतिक उल्लास के साथ 'रंग ताली दो गरबा महारास' का आयोजन 19 अक्टूबर, सोमवार को किया जाएगा। आयोजन संस्था के तत्वावधान में बंधन सूत्र इवेंट्स, कर्म सोशल और एमएच एंटरटेनमेंट के सहयोग से होगा। युवा शाखा के जिला अध्यक्ष पुष्पेंद्र पहाडिया ने बताया कि गरबा केवल नृत्य नहीं, बल्कि मां भगवती की आराधना, आस्था और सामूहिक उल्लास का पर्व है।

शारदीय नवरात्र में गरबों की धूम, माता की भक्ति में झूम रहे श्रद्धालु

अजमेर। शारदीय नवरात्र के अवसर पर शहर में भक्ति और उत्साह का माहौल बना हुआ है। शहर की अलग-अलग कॉलोनियों में माता रानी के पंडाल सजाए गए हैं, जहां सुबह-शाम पूजा-अर्चना और धार्मिक आयोजनों के साथ गरबा महोत्सव की धूम मची हुई है। नौ दिन तक चलने वाले इस पर्व में श्रद्धालु माता रानी की आराधना में लीन हैं। कोई व्रत रखकर माता को प्रसन्न करने में जुटा है तो कोई भजन-कीर्तन और गरबा-डांडिया के माध्यम से अपनी आस्था प्रकट कर रहा है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में शाम ढलते ही गरबा पंडालों में रौनक बढ़ जाती है।

रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजे युवक-युवतियां डांडियों की खनक और संगीत की मधुर धुनों पर गरबा करते नजर आ रहे हैं। माता रानी के जयकारों और भक्ति गीतों से वातावरण भक्तिमय हो रहा है। गरबा आयोजन में बच्चों से लेकर युवाओं और महिलाओं तक की भागीदारी देखने को मिल रही है। श्रद्धालु पूरे उत्साह के साथ गरबा करते हुए नवरात्र की खुशियां मना रहे हैं। इसी क्रम में तोपदड़ा स्थित गढ़वाल पैलेस में भी गरबा-डांडिया की धूम मची हुई है। यहां सजाए गए पंडाल में युवक-युवतियां पारंपरिक अंदाज में डांडिया खेलते हुए माता रानी की आराधना कर रहे हैं। संगीत की लय पर कदमों का तालमेल और डांडियों की खनक आयोजन को आकर्षक बना रही है।

ब्यावर में पुरस्कार वितरण के साथ अग्रसेन जयन्ती समारोह सम्पन्न

ब्यावर (निसं) अग्रकुल शिरोमणि महाराजा अग्रसेनजी की जन्म जयन्ती समारोह का 12 दिवसीय रंगारंग कार्यक्रमो का सांस्कृतिक संध्या के मध्य पुरस्कार वितरण के साथ समापन हुआ। जयन्ती संयोजक पवन रायपुरिया ने बताया कि समापन समारोह के मुख्य अथिति मुकेश अरउड़का, शिवप्रसाद अरडका, दिनेश अरडका एवं अमित अरडका परिवार की उपस्थिति में समाज के बुजुर्ग पुरुष एवं महिला सम्मान की परंपरा तहत समाज के वरिष्ठतम पुरुष ब्यावर के इतिहासवेत्ता एवं 1978 से 1991 तक बादशाह का किरदार निभाने वाले वासुदेव मंगल का अध्यक्ष अमित बंसल, मंत्री निखिल जिंदल,कमल मुरारका एवं जयन्ती संयोजक पवन रायपुरिया ने शॉल ओढाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर वासुदेव मंगल ने समाज का अभिनन्दन और आभार



अग्रसेनजी की जन्म जयन्ती समारोह का 12 दिवसीय रंगारंग कार्यक्रमों का सांस्कृतिक संध्या के मध्य पुरस्कार वितरण के साथ समापन हुआ।

प्रकट करते हुय बताया कि ब्यावर के स्थापना एवं अग्रवाल समाज के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। इसी क्रम में वरिष्ठ महिला सूर्यकांता गर्ग का भी शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर समांत्र किया। जयन्ती सहसंयोजक अजय गोयल,कमल सर्राफ़ एवं विशाल मित्तल ने बताया कि समापन समारोह में ए डी मार्कर टीम द्वारा ऑपरेशन सिंदूर,घूमर एवं विषयो पर नृत्य एवं संगीत के माध्यम से रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई। सांस्कृतिक संध्या के सौजन्यकर्ता राजेश्ववरी रायपुरिया कमल रायपुरिया, मदन रायपुरिया, समर्थ रायपुरिया एवं सुमन बंसल, सुमित बंसल, नीलम बंसल, सोनम बंसल का स्वागत सत्कार किया गया। जयंती पुस्तिका प्रकाशन सौजन्यकर्ता जुगलकिशोर,अनिल एवं मंयक सिंघल सहित परिवार का आभार व्यक्त करते हुए समाज पदाधिकारियों में स्वागत सत्कार किया। समापन समारोह में अनुकृति उज्जैनिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की गरिमामय उपस्थिति में अग्रसेन जयन्ती शोभायात्रा में अग्रसेनजी के रथ सारथी राजेन्द्र एन अग्रवाल, श्वेता , प्रणय अग्रवाल एवं राहुल अग्रवाल का उपरना ओढ़ाकर बहुमान किया गया। शिक्षा क्षेत्र में विभिन्न परीक्षाओं में विशेष उपलब्धि हासिल करने वाले समाज के छात्र, छत्राओ को शैक्षिणक पुरस्कार प्रदान किये गए। जयन्ती सहसंयोजक भरत अग्रवाल एवं जिनेंद्र सिंघल ने बताया कि चारो पंचायत अध्यक्ष रमेश बंसल, निर्मल बंसल एवं महेंद्र सलेमाबादी, नितेश गोयल सहित पंचायत मंत्री राधेश्याम डाणी, श्रवण बंसल, सतीश गर्ग एवं मोहित गर्ग एवं नवनिर्वाचित पार्षद गोविंद अग्रवाल का भी अग्रवाल समाज द्वारा सम्मान किया गया।

NAME CHANGE

I SUKHI DEVI Mother of Army No. 15232770W Rank-HAV Name- PREM BIR SHARMA Serving in Indian Army I have changed My my name in My Son Army service record from SUKHI DEVI to SURAJ MUKHI Vide Affidavit No. CP 325864 Before Court Nasirabad

NAME CHANGE

I RANBIR SHARMA Father of Army No. 15232770W Rank- HAV Name- PREM BIR SHARMA Serving in Indian Army I have changed My my name in My Son Army service record from RANBIR SHARMA to RANVEER Vide Affidavit No. CP 325865 Before Court Nasirabad

NAME CHANGE

I RAJANI Wife of Army No. 15216980M Rank-HAV Name- MURALI KOTA Serving in Indian Army I have changed My my name in My Husband Army service record from RAJANI to KOTA RAJANI Vide Affidavit No. CP 325870 Before Court Nasirabad

NAME CHANGE

I ZAN MOHAMMAD Father of Army No. 15229854Y Rank- HAV Name- IRFAN Serving in Indian Army I have changed My my name in My Son Army service record from ZAN MOHAMMAD to JAN MOHD. Vide Affidavit No. CP 325872 Before Court Nasirabad

NAME CHANGE

I ZAMILA Mother of Army No. 15229854Y Rank- HAV Name- IRFAN Serving in Indian Army I have changed My my name in My Son Army service record from ZAMILA to JAMILA Vide Affidavit No. CP 325871 Before Court Nasirabad

आम सूचना

मैसर्स जी एंड जी ग्रेनाईटस पता, खसरा नं. 936/929 गांव सांवतसर, मदनगंज-किशनगढ़, जिला अजमेर, राज, पंजीयन संख्या RF/AJM/2024/319 दिनांक 30 जनवरी 2024 शपथपूर्वक निम्न बयान करते है कि पूर्व मे इस फर्म मे हम 2 भागीदार थे, (1) श्रीमति शिमला गंगवाल जैन (2) श्री सोमेश गोयल दिनांक 01 अक्टूबर 2026 से (1) श्रीमति निकिता गोयल स्वेच्छा से फर्म में नये भागीदार के रूप मे सम्मलित हो रही है, और दिनांक 01 अक्टूबर 2026 से (1) श्रीमति शिमला गंगवाल जैन स्वेच्छा से फर्म से रिटायर्ड हो रही है, जिसमे हम सभी भागीदारो की सहमति है। तथा वर्तमान मे इस भागीदारी फर्म में हम निम्न भागीदार है (1) श्री सोमेश गोयल (2) श्रीमति निकिता गोयल। इस आम सुचना से अगर किसी को आपति हो तो सुचना के प्रकाशन की दिनांक से 7 दिवस मे रजिस्ट्रार ऑफ फर्म कार्यालय (जिला उद्योग केन्द्र) अजमेर मे सुचित करे अन्यथा बाद मियाद किसी भी आपति पर विचार नही किया जायेगा। सोमेश गोयल जी एंड जी ग्रेनाईटस

LSG/BEAWAR/MUT/2026-27/213310
DATE :- 13.10.2026 रजि बेचान-नामा

कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

क्रमांक/नगरीय विकास कर/2026-27/9448 दिनांक-14.10.26

सार्वजनिक सूचना

श्री महेश चौहान पुत्र श्री छगनलाल चौहान निवासी ब्यावर ने क्षेत्र नं. 1/ग्राम दौलतगढ़ सिंघा अजमेर रोड खसरा नं. 264 औद्योगिक समपरिवर्तित भू सम्पदा क्षेत्रफल 2064.64 वर्गगज जो कि श्रीमती कुसुमलता जैन पत्नी श्री पदमचन्द जी जैन के नाम पट्टा विलेख जारी है। रजि बेचान-नामा दिनांक 31.12.2009, 14.12.2009, 15.05.2012 व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है। अतः इस नाम परिवर्तन के संबंध में किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपति विचारणीय नहीं होगी।
- आयुक्त, नगर परिषद ब्यावर

LSG/BEAWAR/MUT/2026-27/206309
DATE :- 07.08.2026 रजि बेचान-नामा

कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

क्रमांक/नगरीय विकास कर/2026-27/9447 दिनांक-14.10.26

सार्वजनिक सूचना

श्री जगदीश प्रसाद सोलीवाल पुत्र श्री गोपाल कृष्ण जी सोलीवाल, श्रीमती सूरज पत्नी श्री जगदीश प्रसाद निवासी ब्यावर ने क्षेत्र नं. 2/महावीर बाजार 01 मकान नं. 29 का भाग ग्राउंड फ्लोर दुकान नं. 29 क्षेत्रफल 47.91 वर्गगज जो कि श्रीमती सत्यनारायण व प्रेमनारायण पुत्र श्री रामकरण जी झंवर के नाम गृहकर रिकॉर्ड में नाम इन्द्राज है। रजि डीड ऑफ रिलीज ट्रूगेदर विथ पार्टिशन ऑफ एनसेस्ट्रर प्रोपर्टी दिनांक 06.11.2013, रजि बेचान-नाम दिनांक 18.03.2014, 15.04.2026 व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है। अतः इस नाम परिवर्तन के संबंध में किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपति विचारणीय नहीं होगी।
- आयुक्त, नगर परिषद ब्यावर

LSG/BEAWAR/MUT/2026-27/210943
DATE :- 29.09.2026 रजि वसीयत-नामा

कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

क्रमांक/नगरीय विकास कर/2026-27/9449 दिनांक-14.10.26

सार्वजनिक सूचना

श्री रविन्द्र सिंह पुत्र श्री कुलजीत सिंह निवासी ब्यावर ने क्षेत्र नं. 1/अजमेर मार्ग मकान 23(2) का भाग दुकान नं. 1 से 04 क्षेत्रफल 38.80 वर्गगज जो कि श्री कुलजीत सिंह पुत्र श्री मालिक सिंह के नाम गृहकर रिकॉर्ड में नाम इन्द्राज है। रजि वसीयत-नामा दिनांक 03.04.2010, मृत्यु प्रमाण पत्र व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है। अतः इस नाम परिवर्तन के संबंध में किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपति विचारणीय नहीं होगी।
- आयुक्त, नगर परिषद ब्यावर

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी / अनरिति के मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

-आम सूचना-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हरिभाऊ उपाध्याय नगर (विस्तार) योजना के आवासीय/व्यावसायिक भूखण्ड संख्या 576 क्षेत्रफल 213.33 वर्गगज के आवंटी श्री वाशदेव होतचन्दानी पुत्र श्री घुमणमल निवासी अजमेर की मृत्यु दिनांक 09.01.2025 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलंग्न कर मृतक के वारिसों में क्रमशः हेमलता होतचंदानी पुत्र वाशदेव होतचंदानी पत्नि राजेश कुमार कुन्दनानी निवासी के.जी. कॉलोनी सेन्दड़ा रोड ब्यावर, अजमेर सुनिल होतचंदानी पुत्र स्व. वाशदेव होतचंदानी निवासी 576 पित्रछाया पुष्कर रोड हरिभाऊ उपाध्याय नगर (विस्तार) अजमेर द्वारा अपने सहहिस्सेदार श्रीमती मैना मामतानी पत्नि स्व. श्री वाशदेव होतचंदानी निवासी 576 पित्र छाया हरिभाऊ उपाध्याय नगर (विस्तार) पुष्कर रोड अजमेर के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 04.10. 2026 के आधार पर नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबध में किसी को आपति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपति स्वीकार योग्य नही होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी। -योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर मूल आवंटी/अनरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों के पक्ष में संयुक्त नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

-आम सूचना-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हरिभाऊ उपाध्याय नगर (मुख्य) योजना के आवासीय/व्यावसायिक भूखण्ड संख्या बी-17, ए-1 क्षेत्रफल 84 मीटर के आवंटी श्रीमती कौशल्या देवी मूलानी पत्नि श्री इन्द्र मूलानी निवासी 344 साकेत कॉलोनी वैशाली नगर, अजमेर की मृत्यु दिनांक 24.09.2026 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलंग्न कर मृतक के वारिसों में क्रमशः इन्दर मूलानी पुत्र टेउमल मूलानी निवासी 344 साकेत नगर अजमेर गोपाल मूलानी पुत्र इन्दर मूलानी निवासी 344 साकेत नगर अजमेर हीना लवाणी पुत्री इन्दर मूलानी एवं पत्नि दिलीप कुमार निवासी मंदसौर म.प्र. वैशाली करमचंदानी पुत्री इन्दर मूलानी एवं पत्नि दीपक निवासी बी-58 कमला नेहरू नगर जोधपुर द्वारा नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को कोई आपति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी। -योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर।

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी /अनरितिके मूल दस्तावेज गुम हो जाने पर सीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टा जारी करने के क्रम में आम सूचना का प्रारूप

-आम सूचना-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर की कोटडा योजना में भूखण्ड सख्या 56 ब्रिजेश एम शर्मा पुत्र मगन लाल शर्मा को आवंटित किया गया जिसका पट्टा कमाक 2406 दिनांक 24/7/98 को जारी किया गया मूल आवंटी द्वारा उक्त भूखण्ड का बेचान जरिये पंजीकृत विकय पत्र के आधार पर चेतन कुमार शर्मा पुत्र धनश्याम लाल जोशी दिनांक 13/7/07 को कर दिया है चेतन कुमार शर्मा पुत्र धनश्याम लाल जोशी द्वारा शपथ पत्र व गुमशुदगी रिपोर्ट प्रस्तुत कर अवगत कराया की मूल पटटा/लिंक दस्तावेज गुम हो गये है अत भूखण्ड सख्या 56 कोटडा का लीज होल्ड से फी होल्ड चेतन कुमार शर्मा पुत्र धनश्याम लाल जोशी के पक्ष मे जारी किये जाने से किसी को कोई आपति हो तो 7 दिवस के भीतर अपनी आपति प्रस्तुत कर देवे उक्त नियत अवधि के पश्चात आपति स्वीकार नहीं होगी लीज होल्ड से फी होल्ड पटटा जारी कर दिया जावेगा। -योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री गुरमीत सिंह छाबड़ा पुत्र श्री त्रिलोचन सिंह छाबड़ा ने ग्राम थोक मालियान 3 के खसरा नम्बर 8007 भूखण्ड संख्या 2ए में क्षेत्रफल 104.25 वर्गमीटर के भूखण्ड की लीज डीड हेतु आवेदन किया है। इस आम सूचना के प्रकाशन द्वारा उक्त भूखण्ड की लीज डीड श्री गुरमीत सिंह छाबड़ा पुत्र श्री त्रिलोचन सिंह छाबड़ा के पक्ष में जारी करने पर आपति आमंत्रित की जाती है। भूखण्ड का विवरण निम्न प्रकार है-

सीमाएँ	नाप	सीमाएँ	नाप
उत्तर- 20'0 फुट चौड़ा आम रास्ता	22'0 फीट	दक्षिण-अन्य निजी मकान है	22'8 फीट
पूर्व- अन्य निजी की सम्पति है।	49'6 फीट	पश्चिम- इसी भू का भाग सं. भू.सं. 2	49'6 फीट

किसी भी व्यक्ति/संस्था/कंपनी को उक्त लीज जारी करने पर आपति हो तो इस सूचना के प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस की अवधि के भीतर अजमेर विकास प्राधिकरण के उपायुक्त जोन (दक्षिण) के समक्ष अपनी आपति प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा प्रकरण में नियमानुसार आगामी कार्यवाही संपादित की जाएगी।
- उपायुक्त, अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी / अनरितिकी मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

-आम सूचना-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की यूनिक इंटरनेशनल सिटी ग्राम हाथीखेड़ा के आवासीय भूखण्ड संख्या ए-47 जो की खसरा संख्या 634, 635 व अन्य का एक भाग है जिसका क्षेत्रफल 107.33 वर्ग गज है के आवंटी / अन्तरिति सत्यपाल वर्मा सुपुत्र श्री लक्ष्मण कुमार वर्मा की मृत्यु दिनांक 16/09/2019 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलंग्न कर मृतक के वारिसों क्रमशः 1. श्रीमती कुसुम धर्मपत्नी श्री छीतर सिंह सुपुत्री स्व. श्री सत्यपाल वर्मा निवासी माताजी, कुचलवाडा कला, ऊंवा, भीलवाड व 2. श्री धर्मपाल सिंह सुपुत्र स्व. श्री सत्यपाल वर्मा व 3. श्री चन्द्र सेन सिंह सुपुत्र स्व. श्री सत्यपाल वर्मा व 4. श्रीमती दुर्गा धर्मपत्नी स्व. श्री सत्यपाल वर्मा निवासीगण क्वार्टर एल.आई.जी 01, यू. आई.टी कॉलोनी, हरीभाऊ उपाध्याय नगर (मेन), कोटडा, अजमेर द्वारा अपने सहहिस्सेदार श्रीमती दुर्गा धर्मपत्नी स्व. श्री सत्यपाल वर्मा के प